प्रीलिम्स फैक्ट्स: 17 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/17-03-2020/print

सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान

Sundarbans National Park

सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान (Sundarbans National Park) पश्चिम बंगाल राज्य में सुंदरबन डेल्टा में स्थित एक बाघ एवं जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र है।

मुख्य बिंदु:

- इसके मुख्य क्षेत्र को वर्ष 1973 में टाइगर रिज़र्व, वर्ष 1977 में वन्यजीव अभयारण्य तथा 4 मई, 1984 को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- यह उद्यान लगभग 1,355 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। यहाँ विश्व का सबसे बड़ा हेलोफाइटिक मैंग्रोव वन क्षेत्र स्थित है।
- यहाँ जीव-जंतुओं की लगभग 2,487 प्रजातियाँ हैं। इस क्षेत्र में पाया जाने वाला प्रसिद्ध रॉयल बंगाल टाइगर यहाँ की जलीय परिस्थितियों के अनुकूल है। यह रॉयल बंगाल टाइगर तैर भी सकता है।
- **अन्य जीव प्रजातियाँ:** एशियाई छोटे पंख वाले ऊदबिलाव, गंगा डॉल्फिन, नेवला और रीसस बंदर।
- **पक्षी प्रजातियाँ:** यहाँ पक्षियों की लगभग 356 प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें ऑस्प्रे, ब्राह्मिनी चील, श्वेत पेट वाला समुद्री बाज़, गुलाबी सिर वाला तोता, फ्लाईकेचर, वार्बलर्स और किंगफिशर आदि।

सुंदरबन का डेल्टा:

- सुंदरबन का डेल्टा भारत एवं बांग्लादेश में लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में 104 द्वीप हैं। यह डेल्टा यहाँ पाए जाने वाले सुंदरी नामक वृक्षों के कारण प्रसिद्ध है।
- भारतीय क्षेत्र में विस्तृत सुंदरबन पश्चिम बंगाल के उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना ज़िले के 19 विकासखंडों में फैला हुआ है।
- भारतीय क्षेत्र में स्थित सुंदरबन यूनेस्को (UNESCO) के विश्व धरोहर स्थल (World Heritage Site) का हिस्सा है।

वेरिली योजना

Verily Plan

गूगल की सहायक कंपनी वेरिली (Verily) अमेरिकी सरकार को कोविड-19 महामारी से निपटने में मदद करेगी।

मुख्य बिंदु:

- वेरिली (Verily) की देखरेख में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिये एक वेबसाइट विकसित की जा रही है जो किसी संक्रमित व्यक्ति को उसके आसपास के सुविधाजनक स्थान पर परीक्षण की सुविधा से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी।
- इस वेबसाइट के माध्यम से लोग संक्रमण से संबंधित अपने शारीरिक लक्षणों को वेबसाइट पर अपलोड करेंगे जिसके बाद उन लक्षणों के विश्लेषण के आधार पर उन्हें परीक्षण केंद्रों पर जाँच कराने के लिये निर्देशित किया जाएगा।
- वेरिली (Verily) गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट की सहायक कंपनी है जो लाइफ साइंस एवं स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है।
- वेरिली (Verily) कंपनी को वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था जिसका लक्ष्य 'विश्व भर के लोगों के स्वास्थ्य डेटा को उपयोग में लाया जाये ताकि लोग स्वस्थ जीवन का आनंद लें सकें'। इसलिये वेरिली द्वारा व्यवस्थित एवं सक्रिय स्वास्थ्य डेटा को एकत्र करने के लिये टूल एवं डिवाइस का विकास किया है जो बीमारी को रोकने एवं प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है।
- वेरिली द्वारा वर्ष 2017 में प्रोजेक्ट बेसलाइन की शुरुआत की गई थी जिसका उद्देश्य 'चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान तथा रोगी की देखभाल के बीच की खाई को पाटना है।

शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं जयंती

100th Birth Anniversary of Sheikh Mujibur Rahman

भारतीय प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बांग्लादेश में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं जयंती समारोह में भाग लिया।

मुख्य बिंदु:

- शेख मुजीबुर रहमान बांग्लादेश के संस्थापक नेता एवं प्रथम राष्ट्रपति थे। उन्हें बांग्लादेश में राष्ट्रपिता कहा जाता है। वह बांग्लादेश के लोगों के बीच 'बंगबंधु' के रूप में लोकप्रिय थे।
- वह अवामी लीग के नेता थे जिसकी स्थापना वर्ष 1949 में पूर्वी पाकिस्तान की एक प्रमुख राजनीतिक पार्टी के रूप में हुई थी।
- शेख मुजीबुर रहमान ने पूर्वी पाकिस्तान को राजनीतिक स्वायत्तता दिलाने और बाद में बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन तथा वर्ष 1971 में बांग्लादेश लिबरेशन युद्ध में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वर्ष 1947 में जब भारत और पाकिस्तान ने आज़ादी प्राप्त की तो बंगाल का मुस्लिम बहुल क्षेत्र पाकिस्तान का हिस्सा बन गया और उसे 'पूर्वी पाकिस्तान' कहा जाने लगा।
- पूर्वी पाकिस्तान अपनी विषम परिस्थितियों के कारण न केवल भौगोलिक रूप से समकालीन पाकिस्तान से अलग था बल्कि जातीयता और भाषा के आधार पर भी पाकिस्तान से काफी अलग था। इस विषमता के कारण जल्द ही पूर्वी पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया।
- 21 मार्च, 1948 को जब मोहम्मद अली जिन्ना ने घोषणा की कि पूर्वी बंगाल के लोगों को राजभाषा के रूप में उर्दू भाषा को अपनाना होगा तो वहाँ के लोगों ने इसका विरोध किया। तब शेख मुजीबुर रहमान ने मुस्लिम लीग के इस पूर्व नियोजित फैसले के खिलाफ आंदोलन शुरू किया।
- 1958 से 1962 के बीच तथा 1969 से 1971 के बीच पूर्वी पाकिस्तान मार्शल लॉ के अधीन रहा।
- 1970-71 के संसदीय चुनावों में पूर्वी पाकिस्तान के अलगाववादी दल अवामी लीग ने उस क्षेत्र को आवंटित सभी सीटें जीत लीं।
- पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के मध्य वार्ता की विफलता के पश्चात् 27 मार्च, 1971 को शेख मुजीबुर रहमान ने पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा कर दी।
- तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान ने अलगाव को रोकने के पूरे प्रयास किये और इसके विरुद्ध जंग शुरु कर दिया। साथ ही परंतु भारत ने बांग्लादेशियों का समर्थन करने के लिये वहाँ अपनी शांति सेना भेज दी।
- 11 जनवरी, 1972 को लंबे संघर्ष के पश्चात् बांग्लादेश एक स्वतंत्र संसदीय लोकतंत्र बन गया।
- हाल ही में बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने फैसला लिया है कि बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा अब 'जॉय बांग्ला' होगा। यह नारा वर्ष 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता के दौरान प्रमुख नारा था। बांग्लादेश के प्रथम राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान ने भी 7 मार्च, 1971 को बांग्लादेश की स्वतंत्रता के उद्घोष के बाद 'जॉय बांग्ला' के नारे का प्रयोग किया था।

उन्नत भारत अभियान 2.0

Unnat Bharat Abhiyan 2.0

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने लोकसभा में उन्नत भारत अभियान (Unnat Bharat Abhiyan) की प्रगति के बारे में सूचना दी।



मुख्य बिंदु:

- उन्नत भारत अभियान 2.0, उन्नत भारत अभियान 1.0 का उन्नत संस्करण है। इसे वर्ष 2018 में शुरू किया गया था।
- यह योजना सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिये है, हालाँकि उन्नत भारत अभियान 2.0 के तहत प्रतिभागी संस्थानों को कुछ मानदंडों की पूर्ति के आधार पर चुना जाता है।

उन्नत भारत अभियान (Unnat Bharat Abhiyan):

- उन्नत भारत अभियान की अवधारणा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली के समर्पित संकाय सदस्यों के समूह की पहल के साथ तब अस्तित्व में आई जब ये सदस्य लंबे समय से ग्रामीण विकास और उपयुक्त प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे।
- सितंबर 2014 में IIT दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थानों, रूरल टेक्नोलॉजी एक्शन ग्रुप (RuTAG) के समन्वयकों, स्वैच्छिक संगठनों और सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद यह अवधारणा और अधिक परिपक्व हुई।
- इस कार्यशाला को काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन एंड रूरल टेक्नोलॉजी (CAPART), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया था।
- इस अभियान की औपचारिक शुरुआत 11 नवंबर, 2014 को भारत मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।
- इस अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच विकास एजेंडे से संबंधित आपसी तालमेल तथा संस्थागत क्षमताओं का विकास करना और राष्ट्र की आवश्यकताओं विशेष रूप से ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था करना है।

बोको हराम

Boko Haram

बोको हराम (Boko Haram) उत्तरी नाइजीरिया में एक आतंकवादी समूह है जिसने हज़ारों लोगों की हत्या की है और इसकी वजह से 3 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए।

मुख्य बिंदु:

- बोको हराम के आतंकवादी मुख्य रूप से नाइजीरिया के उत्तरी राज्यों योब, कानो, बाउची, बोर्नो और कडूना में फैले हुए हैं।
- बोको हराम का मतलब 'पश्चिमी शिक्षा निषिद्ध' है। इस समूह की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी।
- यह समूह स्वयं को जमात अहलू सुन्ना लिद्दावती वाल-जिहाद के रूप में भी संदर्भित करता है जिसका अर्थ 'पैगंबर के उपदेशों एवं जिहाद के प्रचार के लिये प्रतिबद्ध लोग' है।
- इस समूह का प्रारंभिक उद्देश्य नाइजीरिया में भ्रष्टाचार एवं अन्याय को दूर करना था। इसे पश्चिमी प्रभावों और शरिया या इस्लामी कानून लागू करने के लिये दोषी ठहराया गया था।
- वर्ष 2015 में इस समूह ने इराक में इस्लामिक स्टेट एवं लेवेंट (Islamic State in Iraq and the Levant- ISIL) के प्रति निष्ठा जताई और नाम बदलकर इस्लामिक स्टेट पश्चिम अफ्रीकी प्रांत (Islamic State (or State's) West African Province- ISWAP) कर लिया। इसे पश्चिम अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट के रूप में भी जाना जाता है।